# विगत पाँच वर्षों में महिला उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा कराये गये कार्यक्रम एवं उनसे लाभान्वित छात्राओं की संख्या

(सत्र 2015 से 2020)

| क्र. | कार्यक्रम का विषय एवं प्रकार | तिथि | लाभान्वित छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रेरक संवाद–अभितेज सिंह संधु विषय राष्ट्र प्रेम और युवा | 26.08.2015 | 189 छात्राएँ |
| 2. | लाइफ स्कलरजेकेशन फॉर टीन एजर्स प्री एंड पोस्टर डॉ. शिरीष जामदार वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ | 8 मार्च 2016 | 240 छात्राएँ कामर्स एंड आर्ट्स फेकल्टी |
| 3 | महिला सशक्तिकरण श्रीमती अश्विनी परांजपे राजबाड़े | 9 मार्च 2016 | 112 छात्राएँ |
| 4 | महिला स्वास्थ्य आदर्श खानपान एवं जीवन शैली –डॉ. शिरीष जामदार वरिष्ठ चिकित्सक | 9 मार्च 2016 | 103 |
| 5 | साइबर क्राइम–सुश्री अभिलाषा खरे अधिवक्ता उच्च न्यायालय | 9 मार्च 2016 | लगभग 300 छात्राएँ अभिलाषा खरे से निरंतर संवाद एवं परेशानियों हेतु निःशुल्क विधिक सहायता हेतु जानकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | आकाशवाणी हेतु युवा वाणी कार्यक्रम हेतु छात्राओं की तैयारी करायी, 8 छात्राओं का चयन | 16.8.2016 छात्राओं द्वारा प्रश्न मंच कार्यक्रम संचालित किया गया। प्रत्येक छात्रा को आकाशवाणी द्वारा 300/- रूपये का चैक प्रदान किया गया। | 8 छात्राएँ |
| 7 | महिलाओं के कानूनी अधिकार घरेलू हिंसा-सुश्री अभिलाषा खरे अधिवक्ता उच्च न्यायालय | 17 नवंबर 2016-बी बोल्ड फॉर चेंज थीम | 211 महिलाएँ 08 पुरूष |
| 8 | परिचर्चा<br>नारी सशक्तीकरण | दिसम्बर 2016 | 85 छात्राएँ |
| 9 | संवाद एवं अभिव्यक्त कार्यक्रम महिला लेखिका डॉ. सुमन श्रीवास्तव, सुश्री अभिलाषा खरे छात्राओं ने अपने ड्रीम कॅरियर को विविध वेशभूषा में प्रस्तुत किया। | 8 मार्च 2017 | 200 |

16-17 में (496)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | साईबर क्राइम से कैसे बचे (लीडरशिप क्वालिटी) ''नेतृत्व क्षमता का विकास कैसे करें'' अंतर्राष्ट्रीय मोटीवेटर श्रीमति नीलू राउत एवं कैप्टन सुनील भारतद्वाज | 31 जन. 2020 | 135 छात्राएँ |
| 21 | प्रश्नमंच कार्यक्रम विषय– ''राजभाषा और राष्ट्रभाषा हिन्दी'' हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ाना। विद्यार्थियों को राजभाषा के रूप में हिन्दी की संवैधानिक स्थिति से अवगत कराना । | 14 सित. 2020 | 20 छात्राओं ने प्रतिभागिता की एवं 46 बच्चे दर्शक के रूप में उपस्थित थे। |
| २२ | ऑनलाइन वर्कशाप "महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं महिला सुरक्षा | 13 फरवरी 2021 रिसोर्स पर्सन SP. आकांक्षा पाण्डेय तरु कुरारिया अधिवक्ता | 145 से देश से ऑनलाइन |
| 23 | 8th March 2021 अन्तर्राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम रिसोर्स पर्सन - अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त युवा लेखिका श्रीमती निधी दानी 75 छात्राओं ने सहभागिता की एवं 15 छात्राओं ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुती दी। | | |

385

डॉ. स्मृति शुक्ल
संयोजक
महिला उन्नयन समिति

डॉ० उषा कैली
महिला उन्नयन समिति

# SAVE GIRL CHILD




'सेव गर्ल चाइल्ड' और महिला सशक्तीकरण पर 7 महिला चिकित्सकों से संवाद

स्मृति शुक्ल

# जैव उर्जा पर कार्यक्रम एवं वृत्तचित्र का प्रदर्शन

दिनांक 11.08.2017

महाविद्यालय के महिला उन्नयन प्रकोष्ठ और NYCS इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11.8.17 को जैव उर्जा दिवस पर भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार 'जैव उर्जा' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री शरद जैन जी के मुख्य आतिथ्य में तथा श्री विजय अठवाल प्रांत संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, तथा अश्विनी परांजपे नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं विशिष्ट आतिथ्य में हुआ । इस अवसर पर श्री अभिषेक गौर रीजनल मैनेजर तथा NYCS के श्री राजेश जैन तथा दिलीप दुबे उपस्थित थे । कार्यक्रम के कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.बी.सिंह भी उपस्थित थे । महिला उन्नयन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. स्मृति शुक्ला तथा डॉ. उषा कैली ने जैव उर्जा के विषय में छात्राओं को बताया । डॉ. किरण शुक्ला के संयोजकत्व में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया । पेट्रोलियम विभाग द्वारा जैव उर्जा पर एक फिल्म प्रदर्शित की गई। क्विज और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

# 'महिला सुरक्षा पर ऑडिट कार्यक्रम'

दिनांक 28.11.2017

प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में छात्राओं की सुरक्षा के लिए एक ऑडिट कार्यक्रम महाविद्यालय की महिला उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा हुआ । इस कार्यक्रम को महिला उन्नयन प्रकोष्ठ की डॉ. स्मृति शुक्ला एवं डॉ. उषा कैली के संयोजन में प्रारंभ हुआ । दिनांक 28.11.17 को महा. के (WDC) महिला उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा 'एन.जी.ओ. डिवेट' के सहयोग से छात्राओं की सुरक्षा के लिये एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । डिवेट संस्था के निदेशक श्री अमिताभ सिंह ने 'सीता स्वयंवर' से अपनी बात प्रारंभ की । हमारा भारतीय समाज जैसे-जैसे विकसित हुआ वैसे-वैसे हम स्त्री की स्वतंत्रता स्त्री की समानता की बात करते चले । आज महिलाओं की सुरक्षा पर बहुत चिंता व्यक्त की जा रही है । सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिये काफी योजनाओं बनाई है। घरेलू हिंसा कानून बना है, हेल्प लाईन्स है, लेकिन व्यवस्था का रिस्पॉस कैसा है ? श्री अमिताभ ने छात्राओं ने प्रश्न पूछे कि आप कहाँ असुरक्षित हैं । छात्राओं ने कहा कि यात्रा के समय, पब्लिक ट्राँसपोर्ट, घर, स्कूल्स कार्य स्थल या पी.एच.डी. आदि करने में उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में कई बार अवांछित स्थितियाँ को सहन करना पड़ता है ।

प्रो. दीपक श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज स्त्री को किससे सुरक्षा की आवश्यकता है। आज समाज को कैसे स्त्री को सुरक्षित रखा जाये । हमें अपने परिवार को ऐसे संस्कार देना है जिसमें सभी परिवारों में जिम्मेदार नागरिक पैदा हों संस्कारी बनें ।

छात्राओं ने कहा प्रभावशाली अपराधी अपराध करके छूट जाते हैं। पुलिस का व्यवहार, छेड़छाड़ की घटनाओं में महिलाओं को ही दोषी ठहराया जाता है । इस संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राएँ उपस्थित थी । सभी ने इस संवाद में भागीदारी की । डॉ. वरूण वंसोडकर, डॉ. सुनीता मिर, डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. शिखा गुप्ता, संध्या चौबे सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन डॉ. उषा कैली एवं आभार डॉ. स्मृति शुक्ल ने किया ।

# कॉन्फिडेंस के साथ करें वार, दांत से काटो, बैग मारो और शोर मचाओ...

मानकुंवरबाई कॉलेज में गर्ल्स ने जाने आत्मरक्षा के गुर, सवाल पूछने पर जवाब के साथ मिले उपहार





सिटी रिपोर्टर | जबलपुर

कभी भी मुसीबत आए तो उससे डरो नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सूझबूझ के साथ डटकर सामना करें। शोर मचाकर आस-पास के लोगों को एकत्रित करें और यदि कोई न हो तो सामने वाले पर पूरे जोश के साथ हमला करें, उसके बाद मौका मिलते ही वहां से भाग जाएं। ऐसे ही कुछ आत्मरक्षा के गुर मुख्य अतिथि जिला उप पुलिस अधीक्षक (महिला प्रकोष्ठ) श्रीमती मेहंती मरावी ने शा.मानकुंवरबाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय के महिला उन्नयन प्रकोष्ठ एवं मप्र पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला में बताए। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्राइम ब्रांच टीआई रेखा प्रजापति एवं सब इंस्पेक्टर महिला थाना सोनल शुक्ला शामिल थीं। अवेयरनेस प्रोग्राम में प्रश्न पूछने पर छात्राओं को जवाब के साथ सरप्राइज गिफ्ट भी दिए गए।



## इन प्रश्नों के मिले जवाब।

**प्र** अगर ज्यादा लोग छेड़ें तो क्या करें?

जवाब- जब किसी लड़की को एक से ज्यादा लोग घेर लें, तो ऐसे में उनसे लड़ना ठीक नहीं होगा। उस वक्त तुरन्त हमला कर भागने की कोशिश करें और शोर मचाएं।

**प्र** थाने में नहीं लिखी जाती शिकायत?

जवाब- जब कभी ऐसा होता है तो थाना प्रभारी के पास जाने की कोशिश करें और उस व्यक्ति की शिकायत भी करें, जो शिकायत दर्ज करने से मना कर रहा हो।

**प्र** मोबाइल नहीं हुआ तो क्या करें?

जवाब- आजकल मोबाइल सबके पास होता है अगर नहीं हुआ तो सतर्क रहें और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से होकर थाने तक पहुंचें और शिकायत जरूर दर्ज कराएं।

## डेमो में बताये बचाव के ट्रिक

वुशु खिलाड़ी पूर्वी एवं उनकी टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा का लाइव डेमो दिखाया और बताया कि छात्राएं अपने आपको किसी भी परिस्थिति में कमजोर न समझें। इस दौरान टीआई क्राइम ब्रांच ने साइबर क्राइम के बारे में बताते हुए महिलाओं के लिए संचालित पुलिस हेल्पलाइन 100 डायल, कोडरेड, महिला हैल्प लाइन नं. 1090, चाइल्ड हैल्पलाइन नं. 1098 आदि की जानकारी के साथ बस स्टॉप, डिटेक्टर स्पाई कैमरा, हिडन कैमरा आदि का पता कैसे लगाएं आदि के बारे में बताया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव ने छात्राओं से कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है, लेकिन हमें भी जागरूक होना जरूरी है। कार्यक्रम में महिला उन्नयन प्रकोष्ठ डॉ. स्मृति शुक्ला, डॉ. ऊषा कैली आदि प्राध्यापकों एवं छात्राओं की उपस्थिति रही। (आर-1)




## स्टूडेंट्स ने खेले गेम्स और उठाया व्यंजनों का लुत्फ

जबलपुर| एक ओर जहां स्टूडेंट्स ने विभिन्न गेम्स खेले तो वहीं दूसरी ओर जायकेदार व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। अवसर था अजय सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल, पनागर में बाल मेले के शुभारंभ का, जहां स्टूडेंट्स के साथ पैरेंट्स ने भी मेले का आनंद लिया। बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए

## पानी बहता रहे तो स्वच्छ

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर मछली बीज एव



प्रणाली
जनस
अंतर्ग

# 'महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा'

(म.प्र.के पुलिस विभाग के सहयोग से महिला उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा)

15.11.2017

दिनांक 15.11.17 को शास. मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय के महिला उन्नयन प्रकोष्ठ एवं म.प्र. पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में 'महिला सशक्तिकरण' एवं 'आत्मरक्षा' विषय पर प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव मैडम की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महंती मरावी जिला अधीक्षक पुलिस (महिला प्रकोष्ठ) एवं विशिष्ट अतिथि रेखा प्रजापति टी. आई. क्राइम ब्रांच, सब इंस्पेक्टर महिला थाना सोनल शुक्ला जी थी । इस कार्यक्रम में आत्मरक्षा के गुज सिखाने के लिये सारिका गुप्ता सचिव बुशु संघ उपस्थित थी । महिला उन्नयन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. स्मृति शुक्ला ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । महिलाओं के लिये संचालित 100 नं. डायल, कोडरेड, महिला हेल्प नं. 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098, बस स्टॉप सेंटर तथा डिटेक्टर स्पाई कैमरा, हिडन कैमरा आदि का पता कैसे लगाये आदि जानकारी छात्राओं को दी जा रही है । पुलिस अधीक्षक महंती मरावी ने छात्राओं को पावर पाइंट के माध्यम से जानकारी दी । प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिये है । आप परिस्थितियों के अनुसार किसी भी प्रकार के खतरे को अनुभव करें तो अपना विवेक न खोंये और तत्काल पुलिस की सहायता लें । महिला उन्नयन प्रकोष्ठ की डॉ. उषा कैली ने पावर प्वाइंट के माध्यम से छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी।




8 मार्च 17
अन्तरराष्ट्रीय
महिला दिवस पर
महा० की छात्रा की
प्रस्तुति

स्मृति शुक्ला



8 मार्च 17 उपस्थित छात्राएँ

स्मृति शुक्ला

4 सितम्बर 2019

सेव गर्ल चाइल्ड









28.11.17 को ऑडिट कार्यक्रम महिला सुरक्षा



उपस्थित छात्राएँ